प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

0000

16.07.2026 / प्रादेशिक समाचार / 09:20बजे

**पहले मुख्य समाचार ..................**

- शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा–राज्य सरकार शिक्षा क्षेत्र को और मजबूती देने के लिए लगातार कर रही है कार्य।

- प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने संगठनात्मक गतिविधियों को और अधिक प्रभावी व सशक्त बनाने के लिए 17 संगठनात्मक जिलों के लिए जिला प्रभारी व सह प्रभारियों की नियुक्ति की।

- शिमला जिला के रामपुर उपमंडल में हिमाचल पथ परिवहन निगम की बस दुर्घटनाग्रस्त, 2 की मौत, 22 यात्री घायल।

- कांगड़ा जिला के धर्मशाला वनमंडल में राजीव गांधी वन संवर्धन योजना पर्यावरण संरक्षण के साथ ग्रामीणों के लिए रोजगार का भी बन रही बेहतर जरिया।

अब समाचार विस्तार से...........

**रोहित ठाकुर**

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा कि राज्य सरकार ने शिक्षा को अपनी सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल किया है और इसी का परिणाम है कि हिमाचल शिक्षा के क्षेत्र में देश भर में तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। पालमपुर विधानसभा के एक दिवसीय प्रवास के दौरान उन्होंने कहा कि गत साढ़े तीन वर्षों में इस विधानसभा क्षेत्र में शिक्षा की मजबूती के लिए 20 करोड़ रूपए स्वीकृत किए गए हैं। अपने प्रवास के दौरान शिक्षा मंत्री ने क्षेत्र में 2 करोड़ रूपए से अधिक की लागत की विभिन्न विकास परियोजनाओं के लोकापर्ण और शिलान्यास भी किए।

**भाजपा**

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने संगठनात्मक गतिविधियों को और अधिक प्रभावी और सशक्त बनाने के उद्देश्य से राज्य के 17 संगठनात्मक जिलों के लिए जिला प्रभारियों व सह प्रभारियों की नियुक्ति की है। राजीव बिंदल ने कहा कि जिला प्रभारी व सह प्रभारी संगठन और कार्यकर्त्ताओं के बीच समन्वय स्थापित करने, संगठनात्मक कार्यक्रमों को गति देने व बूथ स्तर तक पार्टी को और अधिक सशक्त बनाने में अहम भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा कि आगामी संगठनात्मक अभियानों और जनसंपर्क कार्यक्रमों को सफल बनाने में इन सभी पदाधिकारियों का अनुभव व सक्रियता संगठन के लिए बेहद उपयोगी सिद्ध होगी।

**मातृवंदना योजना**

प्रधानमंत्री मातृवंदना योजना के तहत कुल्लू जिला में एक दिवसीय प्रशिक्षण व उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला महिला व बाल विकास विभाग के तत्वाधान में आयोजित इस कार्यक्रम में जिले के सभी बाल विकास परियोजना अधिकारियों सहित आई सी डी एस पर्यवेक्षक, ब्लॉक

समन्वयक सहित आंगनबाड़ी कार्यकर्त्ताओं ने भाग लिया। जिला कार्यक्रम अधिकारी कुंदन लाल ने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को योजना के प्रावधानों, पात्रता मानदंड सहित अन्य महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। उन्होंने सभी फील्ड कार्यकर्त्ताओं से आहवान किया कि वह अपने–अपने क्षेत्रों में पात्र गर्भवती व धात्री महिलाओं तक योजनाओं की जानकारी पहुंचाकर समयबद्ध इनका पंजीकरण सुनिश्चित करें ताकि कोई भी पात्र महिला योजना के लाभ से वंचित न रहे।

आशीष–कुल्लू/पीटीसी

## दुर्घटना

शिमला जिला के रामपुर उपमंडल के रामपुर–खड़ाहन–कोटाधार–खौलीघाट सड़क मार्ग पर कल सांय हिमाचल पथ परिवहन निगम की बस के दुर्घटनाग्रस्त होने से दो लोगों की मौत हो गई जबकि 20 अन्य यात्री घायल हुए हैं। सूचना के अनुसार सभी घायल यात्रियों का उपचार क्षेत्र के खनेरी अस्पताल में चल रहा है। शिमला जिला उपायुक्त अनुपम कश्यप ने बताया कि प्रशासन द्वारा मृतकों के परिजनों को 20–20 हजार रूपए की फौरी राहत राशि जारी कर दी गई है। उन्होंने कहा कि दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

## आपदा प्रबंधन

प्राकृतिक आपदा के समय राहत और बचाव कार्य के उददेश्य से हमीरपुर जिले के बिझड़ी में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के तत्वाधान में पंचायत के स्वैच्छिक स्वयंसेवियों के लिए एक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण शिविर में 50 वर्ष से कम आयु के स्वयंसेवियों ने भाग लिया। **विस्तृत ब्यौरे के साथ हमारे जिला संवाददाता.....**

## वन संवर्धन योजना

राजीव गांधी वन संवर्धन योजना पर्यावरण संरक्षण के साथ–साथ ग्रामीणों को रोजगार से जोड़ने की दिशा में प्रभावी पहल बनकर उभर रही है। योजना का लक्ष्य वर्ष 2030 तक प्रदेश के वन आवरण को 28 प्रतिशत से बढ़ाकर 30 प्रतिशत करना है। कांगड़ा जिले के धर्मशाला वनमंडल में इस योजना के तहत विभिन्न समूहों के लोग भी बेहतर कार्य कर रहे हैं।

## लालकिला बंद

80वें स्वतंत्रता दिवस समारोह के लिए दिल्ली का लाल किला परिसर 15 अगस्त तक आम जनता के लिए बंद रहेगा। लाल किला परिसर में स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों के मद्देनजर भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग ने यह आदेश जारी किया है। विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि स्वतंत्रता दिवस से पहले हर साल ऐसे आदेश जारी किए जाते हैं। 15 अगस्त को केवल सरकार द्वारा जारी पास धारकों को ही लाल किला परिसर में प्रवेश करने और समारोह में शामिल होने की अनुमति होगी।

## नशा निवारण

युवा पीढ़ी को नशे की बढ़ती सक्रियता से बचाने के उदेदश्य से प्रदेश भर में चिटटा मुक्त अभियान चलाया गया है। इसके तहत विभिन्न शिक्षण संस्थानों में जागरूकता कार्यक्रम के जरिए विद्यार्थियों व अन्य लोगों को इसके दुष्परिणामों से जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में कुल्लू जिला के बाशिंग स्कूल में भी नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एक रिपोर्ट....

अब एक नजर अखबारों की सुर्खियों पर.....

आज समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है। **दैनिक जागरण ने तकनीकी आधार पर नहीं रोका जा सकता ओ पी एस का लाभ** शीर्षक से लिखा है हिमाचल हाईकोर्ट ने एकलपीठ के फैसले को बरकरार रखा। **अमर उजाला ने प्रदेश हाईकोर्ट के हवाले से लिखा है हैं काननून स्थापित यूनिवर्सिटी की डिग्री को सरकारी मंजूरी जरूरी नहीं।**

**अतिक्रमण मामलों में राहत के नीति लाएगी हिमाचल सरकार शीर्षक से दिव्य हिमाचल ने खबर को प्रमुखता दी है। पंजाब केसरी** ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के हवाले से लिखा है **गरीब एवं भूमिहीन लोगों के अतिक्रमण के मामलों में रियायत को बनाएंगे नीति।**

मौसम से जुड़ी खबर को **दैनिक भास्कर** ने शीर्षक दिया है **10 साल में सबसे सुस्त मानसून जुलाई का आधा माह बीता, इस बार आधी बारिश भी नहीं हुई, 15 दिनों में 125 मिलीमीटर बारिश रिकार्ड की गई।**

' मुख्य समाचार एक बार फिर''

- शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा–राज्य सरकार शिक्षा क्षेत्र को और मजबूती देने के लिए लगातार कर रही है कार्य।

- प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने संगठनात्मक गतिविधियों को और अधिक प्रभावी व सशक्त बनाने के लिए 17 संगठनात्मक जिलों के लिए जिला प्रभारी व सह प्रभारियों की नियुक्ति की।

- शिमला जिला के रामपुर उपमंडल में हिमाचल पथ परिवहन निगम की बस दुर्घटनाग्रस्त, 2 की मौत, 22 यात्री घायल।

और

- कांगड़ा जिला के धर्मशाला वनमंडल में राजीव गांधी वन संवर्धन योजना पर्यावरण संरक्षण के साथ ग्रामीणों के लिए रोजगार का भी बन रही बेहतर जरिया।

.....................